## एक नजर में

### शासकीय कर्मचारी की भी ड्यूटी बीएलओ के साथ फॉर्म भरने लगाई जाए : रविन्द्र महाजन



**बुरहानपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रविंद्र महाजन द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया तथा एसआईआर के द्वारा फॉर्म भरने में असमर्थ लोगों की फॉर्म भरने में मदद की जाए अथवा किसी शासकीय कर्मचारी की भी ड्यूटी बीएलओ के साथ फॉर्म भरने के लिए लगाई जाए। जिससे तय समय सीमा में जिले के हर एक वैध मतदाता सही तरीके से फॉर्म भरकर जमा कर पाए।

### कुटुंब न्यायालय के परामर्शदाताओ ने नवागत प्रधान न्यायाधीश का किया स्वागत



**बुरहानपुर।** जिला कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर में नवागत पदस्थ जिला प्रधान न्यायाधीश तनवीर अहमद खान ने पदभार ग्रहण किया। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बुरहानपुर कुटुंब न्यायालय में पदस्थ परामर्श दाताओ, वरिष्ठ समाज सेवी व् परामर्श दाता महेंद्र जैन, संदीप शर्मा, अल्मास खान ने सौजन्य भेंट कर वार्ता कर भावभीना स्वागत किया। धान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तनवीर अहमद खान ने कहा की आप लोगो के सहयोग से एवं जिले के अधिवक्ताओ के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण करने के साथ साथ परिवारों को टूटने से बचाकर एक करना यही माननीय न्यायालय का मुक्य उदेश्य है। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर के दीतला कनेश, उदय मुल्तकर, ज्तोत्सना लेखापाल, कुलदीप सोलंकी, जीतेन्द्र जाटव, समीर वर्मा, दिनेश गोलकर साथ साथ अन्य विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### अंडर 15 खिलाडियों का क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न



**बुरहानपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा बालदिवस के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष के बच्चो का क्रिकेट टूर्नामेंट लालबाग रोड स्थित टर्फ में सम्पन्न हुआ। प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में बच्चो की 8 टीमो के माध्यम से 64 खिलाडियों ने भाग लिया, इस ठिठुरती ठण्ड में बच्चो में खेलने का काफी उत्साह रहा जो की रात 2 बजे तक चलता रहा। इन 8 टीमो में गेम चेंजर्स टीम विजेता रही जिसके कप्तान लक्ष गंगवाल थे। उपविजेता टीम वीर योद्धा रही, जिसके कप्तान निर्मित जैन रहे, किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए प्रोजेक्ट चेयरमेन गौरव योगेन्द्र अग्रवाल, शुभम जैन, प्रियंक भंडारी, प्रिंस सेठिया एवं दिलीप कासलीवाल का सराहनीय सहयोग रहा। इन प्रोजेक्ट चेयरमेंनो की कड़ी लगन और मेहनत से यह संभव हो पाया है। बच्चो को प्रेच्यिस करवाने से लेकर अंतिम मैच की अम्पायरिंग करने तक सभी एक कुशल टीम की भांति पुरे आयोजन को सफल किया। कार्यक्रम में मंच के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। अध्यक्ष पुनीत शर्मा ने विजेता खिलाडियों का आभार व्यक्त किया। इस माह के कन्वेयर रोशन अग्रवाल द्वारा सभी आयोजनकर्ता एवं खिलाडियों को बधाई प्रेषित की।

### कन्या शाला चौक बाजार में जागरूकता कार्यक्रम



**बुरहानपुर।** महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में श्मुस्कान विशेष अभियानश् का शुभारंभ दिनांक 01 नवम्बर 2025 से किया गया हैए जो 30 नवम्बर 2025 तक संचालित रहेगा। इसी अनुक्रम में जिला बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा प्रीतम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों, छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी एवं स्टाफद्वारा शासकीय कन्या शाला चौक बाजार में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम द्वारा अध्ययनरत बालक बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई को श्गुड टच–बैड टच के संबंध में जानकारी दी गई। बाल अधिकार, सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव एवं मदद के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों के शिक्षकगण, बालक.बालिकाएँ उपस्थित रहीं।


### अग्निवीर भर्ती रैली : 23 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक इन्दौर में आयोजित

**बुरहानपुर।** सेना भर्ती कार्यालय महुए मण्प्रण् द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली 2025.26, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इन्दौर में 23 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2025 तक की जाएगी। इसमें इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों, बुरहानपुर, आगर मालवा, अलीराजपुर, बड़वानी, देवास, धार, झाबुआ, इन्दौर, खण्डवा, खरगोन, मंदसौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर और उज्जैन के उम्मीदवार, जिन्होने अग्निवीर ऑनलाईन सामान्य परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस भर्ती रैली में भाग ले सकते है। परीक्षा में उत्तीर्ण हुये उम्मीदवारों को रैली प्रवेश पत्र ई.मेल एवं इण्डियन आर्मी वेबसाइट पर भेज दिए गये है। उम्मीदवार रैली के दिन, रैली प्रवेश पत्र के साथ सभी मूल दस्तावेज और रंगीन फ़ोटो के साथ रैली में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया किए भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है, चयन प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता पर आधारित है।

# देना प्रकृति का काम है और उसे सहेजकर पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी : सचिन शर्मा

**सृष्टि सेवा संकल्प जिला इकाई बुरहानपुर द्वारा माता भूमि पुत्रोहम पृथ्वीया विषय पर पर्यावरण संगोष्ठी।**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सृष्टि सेवा संकल्प जिला इकाई बुरहानपुर द्वारा रविवार को माता भूमि पुत्रोहम पृथ्वीया विषय पर पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन गुरुगोविंद सिंह डेंटल कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा वृक्षपूजन, गुरु अथर्ववेद पूजन व दीप प्रज्वलन कर गुरु अथर्ववेद की वंदना के साथ किया गया एवं कार्यक्रम का समापन पर्यावरण, संकल्प एवं राष्ट्रगान से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा सदन शिक्षा समिति अध्यक्ष तारीका विरेन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य वक्ता सृष्टि सेवा संकल्प के प्रदेश संयोजक सचिन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्टर एकाउंटेंट अनंत कापड़िया ने की। संगठन प्रस्तावना रखते हुए योगेश पाटिल ने बताया कि श्सृष्टि सेवा संकल्पश् संगठन पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाला राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है। संगठन वृक्ष समूह गतिविधि एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की जीवन शैली में पर्यावरण शामिल हो इस उद्देश्य से निरंतर कार्यरत है। एवं पिछले वर्ष हुए कार्यक्रमों का भी विवरण दिया गया।

भोपाल से पधारे कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सचिन शर्मा ने बताया कि हमारे ऋषियों मुनियों के अनुसार हमारा प्रकृति के साथ माँ का संबंध है, माता भूमि पुत्रोहम पृथ्वीयाद्ध। भारतमाता की जय का सही अर्थ यही है कि हम पृथ्वी को माता मानते हैं। हमें धरती से भावनात्मक रूप से जुड़ना होगाए यह तभी संभव है जब हम सादगीपूर्ण और स्थानीय जीवन शैली अपनाएं, शोषक नहीं संरक्षक बनेए उपभोगी नहीं उपासक बनेंगे। देना प्रकृति का काम हैए और उसे सहेजकर पीढ़ियों तक पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि तारीका विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि समुदाय आधारित वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाया जा सकता है जल संरक्षण नदियों की स्वच्छता एवं पवित्रता की अभी बहुत आवश्यकता है। संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए समाज से सृष्टि सेवा संकल्प के कार्यों में सहभागी होने का आह्वान भी किया। अध्यक्षता कर रहे अनंत कापड़िया ने बताया कि अगर हम जोश के साथ एवं ईमानदारी से वृक्ष लगाए तो पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मन को सुकून मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने सामूहिक पर्यावरण संरक्षण का एक संकल्प भी लिया। त्यागपूर्वक उपभोग ही प्रकृति संरक्षण का उपाय है। इसलिए मैं संकल्प लेता हूँ कि पानी, प्लास्टिक, ईंधन, बिजली और कपड़ों का विवेकपूर्ण उपयोग करूँगा और इन संसाधनों के उपयोग में कटौती करके प्रकृति संरक्षण में योगदान करूँगा।

कार्यक्रम में सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत गुप्ता एवं प्रदेश प्रचार प्रमुख विपिन सुगंधी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु.नंदनी मौर्य ने वृक्ष गीत शुभम् रघुवंशी, अतिथि परिचय शुभम बारी, संगठन प्रस्तावना योगेश पाटिल एवं आभार कार्यक्रम संयोजक दिनेश पवार ने लिया। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थायें शुभम बारी, दिनेशपवार, टोपनदासवाधवानी, किरण महाजन, राकेश ओटवानी, अक्षय, योगेश पाटिल, शुभम रघुवंशी, डिगंबर चौधरी, कैलाश महाजन, कृष्णा राखोंडे आदि सृष्टिसेवकों ने सम्भाली।

## विद्यार्थियों ने दी आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** रविवार को स्थानीय मातापुर बाजार में बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर नगर पालिका की ओर से एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें अतिथि के बतौर नेपानगर विधायक मंजू दादू शामिल हुई। इस दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य की विधायक सहित सभी ने प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति दी।

इस दौरान उन्होंने कहा आदिवासी संस्कृति हमारी विरासत है। कार्यक्रम में नपा सीएमओ मोहन सिंह अलावा, प्राचार्य रत्नेश जायसवाल सहित काफी संख्या में आदिवासी समाजजन, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## अमृत योजना द्वितीय चरण अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक

**बैठक विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई।**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय सभागृह में नगरीय निकाय अंतर्गत अमृत योजना के द्वितीय चरण के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित रही। बैठक बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई।

डीएलआरएमसी अंतर्गत आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम संदीप श्रीवास्तव ने निकायों में किये जाने वालों कार्यों की रूपरेखा के बारें में बताया। बैठक में जिले में जारी विभिन्न विकास कार्योंए स्वीकृत बजटए प्रगति एवं समय.सीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ तय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने योजना के तहत हो रहे कवर एरिया एवं मैपिंग के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। करोड़ों की लागत से किये जाने वाले कार्यों जिसमें नगर निगम अंतर्गत 2 टंकियों का निर्माण सहित अन्य कार्यए नेपानगर में ग्रीन स्पेस डेवेल्पमेन्टए वाटर बॉडी निर्माण कार्यए योजना के तहत होंगे। वहीं शाहपुर में ग्रीन स्पेस डेवेल्पमेन्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने निकायों को निर्देशित किया किए कायों की लगातार मॉनिटरिंग की जायें। बैठक में सीवरेज.वेस्ट वाटर ट्रीटमेन्ट पर भी चर्चा की गयी। बैठक में महापौर श्रीमती माधुरी पटेलए नेपानगर अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटीलए सीएमओ शाहपुर श्री दिलीप चौहान सहित अन्य अधिकारीगण एवं इंजिनियर्स मौजूद रहे।

## एएसआई अमरजीत कौर यादव ने 4 गोल्ड मेडल जीत कर जिले का बढ़ाया मान

**शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हेमर थ्रो, कबड्डी मैं हासिल किए गोल्ड मेडल, नेशनल गेम्स नासिक में करेंगी प्रतिनिधित्व।**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर पुलिस विभाग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अमरजीत कौर यादव ने जिला उज्जैन में दिनांक 09,10 नवंबर 2025 को आयोजित मास्टर गेम्स एसोसिएशन प्रतियोगिता शॉट पुटए डिस्कस थ्रोए हेमर थ्रो एवं कबडडी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 04 गोल्ड मेडल जीतकर बुरहानपुर जिले का नाम रोशन किया है। सीएसपी कार्यालय बुरहानपुर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक श्रीमती अमरजीत कौर यादव आगामी जनवरी माह में होने वाली नेशनल गेम्स प्रतियोगिता नासिक महाराष्ट्र में करेंगी प्रतिनिधित्व। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बुरहानपुर गौरव पाटील द्वारा बुरहानपुर पुलिस का नाम रोशन करने पर स.उ.नि. अमरजीत कौर यादव का सम्मान किया एवं इस उपलब्धी के लिए उन्हें पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## एसआईआर : महाराष्ट्र की सूची आनलाइन नहीं मिलने से आ रही सर्वे में परेशानी



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के दौरान मतदाताओं को कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरह एक परेशानी वार्ड नंबर 5 में आ रही है। यहां निवासरत परिवारो में महाराष्ट्र से ब्याहकर आई महिलाओं के सर्वे में परेशानी आ रही है। महाराष्ट्र के निवासियों की मतदाता सूची आनलाइन नहीं दिख रही है, लेकिन यह अब तक पोर्टल पर अपलोड नहीं हुई है। रहवासियों ने इस समस्या के निराकरण की मांग की इन दिनों क्षेत्र में घर घर पहुंचकर बीएलओ गणना पत्रक भरवाने के काम में जुटे हैं। सोमवार को भी टीम शहर में घूमी। वार्ड नंबर 6 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर में बीएलओ सैयद सौकत मीरए सहायक अर्चना ज्योति अडकड़े ने लोगों के फार्म भरवाए। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर नेपानगर में बीएलए.2 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दरअसल कांग्रेस की ओर से बीएलओ की तर्ज पर कार्यकर्ताओं को बीएलए बनाया गया है। इसका प्रशिक्षण सोमवार को हुआ जिसमें प्रदेश सह प्रभारी आरिफ खान भोपाल सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण की बारीकियों से कांग्रेस नेता, पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही बताया कि हर मतदाता को गणना पत्रक भरकर देना है।

## एसआईआर एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में समय.सीमा की बैठक संपन्न**



नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मीटिंग हॉल में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में समय.सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन, स्वरोजगार योजनाओं तथा अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता हैए इसलिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त प्रकरणों का जवाब तय समय सीमा में दिया जाए। उन्होंने विभाग प्रमुखों से लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति साझा करने और सुधार योग्य बिंदुओं पर ठोस कार्य.योजना प्रस्तुत करने की बात भी कही।

**एसआईआर कार्यों की प्रगति समीक्षा :**–समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एसआईआर कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुएए अधिकारियों को निर्देश दिये किए प्राप्त गणना पत्रक को शीघ्र भरकर देवे, ताकि आगे की कार्यवाही शीघ्र की जा सके।

कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड.स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, टीम वर्क के साथ कार्य करने तथा विकासात्मक योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्यान्न वितरण, जल परीक्षण सहित अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, एसडीएम बुरहानपुर अजमेर सिंह गौड़ सहित समस्त कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

## पुरानी पुलिया को बनाया जा रहा डायवर्शन मार्ग



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** पांधार नदी स्थित पुलिया से होकर गुजरने वाले मार्ग को लोक निर्माण विभाग सेतु निगम इकाई द्वारा डायवर्शन मार्ग में परिवर्तित किया जा रहा है। दरअसल आने वाले समय में पांधार पुलिया का निर्माण होने वाला है। इसकी सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, लेकिन डायवर्शन मार्ग नहीं बनाया गया था, क्योंकि बारिश के कारण यह काम अटका था। अब वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निर्माण कार्य पूरा होने तक इस मार्ग से आवागमन होगा, हालांकि यहां से केवल छोटे वाहन ही आ जा सकेंगे। अफसरों के अनुसार बड़ी पुलिया को तोड़कर नया पुल बनाया जाएगा जिसकी लागत करीब 3.58 करोड़ है।

**एक नजर** भारतीय मजदूर संघ ने जिले के श्रमिकों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा

## श्रमिकों, कर्मचारियों एवं दैनिक वेतनभोगियों की विभिन्न लंबित मांगों का करें निराकरण





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय मजदूर संघ जिला बुरहानपुर द्वारा दिनांक 17 नवम्बर को प्रदेश कार्यालय भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर जिले में विभिन्न श्रेणियां के श्रमिकों, कर्मचारियों तथा दैनिक वेतन भोगियों की विभिन्न मांगों को लेकर आज माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम से ज्ञापन जिला कलेक्टर बुरहानपुर के माध्यम से दिया गया जिसमें आउटसोर्स श्रमिक एदैनिक वेतन भोगी, राज्य कर्मचारी ए संविदा कर्मचारी, बिजली कर्मचारी तथा स्कीम वर्कर्स की कुल 46 मांगे सम्मिलित है। भारतीय मजदूर संघ के इस ज्ञापन कार्यक्रम में म प्र राज्य कर्मचारी संघ, आशा कार्यकर्ता संघ, ठेका श्रमिक संघ, संविदा कर्मचारी संघ व अन्य अनुसांगिक संगठन के पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

भारतीय मजदूर संघ जिला महामंत्री सतीश जी महाजन ने बताया कि प्रदेश सरकार को हरियाणा सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज़ पर आउटसोर्स में काम कर रहे हैं कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा तथा श्रम कानून अंतर्गत सिक्योरिटी आफ सर्विसेज प्रदान की जाए, आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड बनाकर भविष्य सुरक्षित किया जाए। संविदा कर्मियों हेतु संविदा नीति 2023 की मुख्य कंडिका 9,8, 6,2 तथा 11,5 विलोपित की जाना लंबित है।

नियमित कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि सभी शासकीय विभागों में सीधी भर्ती तथा अनुकंपा नियुक्ति जैसे प्रकरण में नियुक्ति उपरांत कर्मचारियों को 70 80 तथा 90: स्टाइपेंड देकर 3 वर्ष की परीक्षा अवधि पर रखा जा रहा है जो की भर्ती नियम के विरुद्ध है इसे जल्द विलोपित कर कर्मचारियों को पूर्ण वेतन दिया जाए ऐसा आग्रह है अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी परीक्षा को महत्व न देते हुए कर्मचारी की नियुक्ति सुरक्षित रखी जाए साथ ही उच्चतर वेतनमान 2800 से 3600 एवं 3600 से 4200 किया जाए। बिजली कम्पनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्यानुभव के आधार पर बोनस अंकए आयुसीमा में छूट देते हुए नियमित भर्ती में प्राथमिकता दी जावे एवं पारदर्शी नीति लाकर कंपनी से सीधा वेतन भुगतान किया जाए।

दैनिक वेतन भोगियों के संबंध में किसी भी संस्था में काम करने वाले कर्मचारी अगर 10 वर्ष से ज्यादा कार्यकाल पूर्ण कर लेते हैं तो उन्हें नियमित किया जाए तथा नौकरी से ना निकल जाए ।नगर पालिका नगर परिषद तथा नगर निगम के सफ़ाई कर्मियों को 10 वर्ष से अधिक की सेवा देने पर नियमित किया जाए तथा शासन से मिलने वाले प्रत्येक वेतन को समय पर दिया जाए अंत में स्कीम वर्कर्स जैसे आशा कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाड़ी सहायिका तथा मिड डे मील में काम करने वाले कर्मचारियों को समय.समय पर वेतन बढ़ोतरी की जाए तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पर्यवेक्षक की परीक्षा के दौरान 50: का आरक्षण दिया जाए दुर्घटना बीमा तथा ऐप का लाभ भी दिया जाए। शासन से यह भी मांग की गई है कि सेवानिवृत होने के बाद ऐसी स्कीम वर्कर्स को नियमित शासकीय सेवक की तरह 300 दिन का अवकाश नगदीकरण की सुविधा दी जाए मनरेगा में कार्य दिवस बढ़कर 200 दिवस किया जाए। ज्ञापन के दौरान भारतीय मजदूर संघ से अध्यक्ष अंकित वैद्य, जिला मंत्री सतीश महाजन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय सागरे, कोषाध्यक्ष शुभम भोले, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश जी सनखेरे, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा बैरागी, श्रीमती रीना ब्रह्मचारी, श्रीमती रुबीना पठान तथा म प्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय जी चौधरी, दिलीप जी इंगले, संजय जी गहलोत, अनिल जी जायसवाल, सुनिल जी कोटवे, सुधाकर जी माकुंदे तथा अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।